वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह) : (क) प्रधान मंत्री, 24 अक्तूबर, 1970 की शाम को, राष्ट्रपति निक्सन का रात्रि भोज का निमंत्रण स्वीकार नहीं कर सकीं क्योंकि उन्हें उसी दिन रात को 8-30 बजे एयर इण्डिया के विमान से न्यूयार्क से रवाना होना था। इसी वजह से वह संयुक्त राष्ट्र के स्मारक अधिवेशन के अन्तिम समारोह में भाग नहीं ले सकी थीं, जिसमें श्री जुबिन मेहता द्वारा संगीत-समारोह आयोजित किया गया था। उन्होंने राष्ट्रपति निक्सन को पत्र लिखा था जिसमें उन्हें रात्रि भोज के निमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया गया था तथा भाग न ले सकने के लिए खेद प्रकट किया गया था।

न्यूयार्क जाते समय प्रधान मंत्री थोड़ी देर के लिए मास्को में रुकी थीं और उस दौरान उन्होंने अध्यक्ष कोसीगिन से भेंट की थी। प्रेस फोटोग्राफ लेना कोई असामान्य बात नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Admission of Provisional Revoloutionary Government of South Vietnam to Non-Aligned Group

923. SHRI KEDAR NATH SINGH :
SHRI P. C. ADICHAN :

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether at the recent meeting of the non-aligned countries held at Lusaka an applicantion of the provisional Revolutionary Government of South Vietnam was processed for admission to the membership of the non-aligned club;

(b) whether Government's representive supported it and if not, the reasons therefor; and

(c) the precise stand taken thereat by the Indian delegation ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SURENDRA PAL SINGH) : (a) Yes, Sir.

(b) and (c) It became evident at the Conference that general agreement could be secured on granting observer status to the Provisional Revolutionary Government of South Vietnam, and the Conference decided by consensus to do so on the proposal of the Indian delegation.

नई दिल्ली में मोती बाग में (धौला कुएं के निकट) अस्वास्थ्यकर तालाब

924. **श्री शिव चरण लाल** : क्या **स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण आवास तथा नगरीय विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मोतीबाग गांव (रिंग रोड पर स्थित धौला कुंएं के निकट) के बीच एक काफी बड़ा तालाब है जिसमें सारे गांव का गन्दा पानी जमा रहता है।

(ख) क्या इस तालाब में मच्छर आदि पैदा हो जाते हैं जिसके फलस्वरूप वहां के निवासियों के स्वास्थ्य को गम्भीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

(ग) क्या कई बार तालाब में निकटवर्ती गांव के मवेशी गिर गये हैं या दलदल में फंस गये हैं;

(घ) क्या सरकार का विचार इस तालाब को भरने या सुखाने के लिये कोई कार्यवाही करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब. सु. मूर्ति): (क) जी हां।